रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 189] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 2, 2014/चैत्र 12, 1936
No. 189] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 2, 2014/CHAITRA 12, 1936

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2014

सा.का.नि. 259 (अ).—केंद्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 469 के साथ पठित धारा 149 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक, उप-धारा (4), उप-धारा (6) के खंड (च), धारा 150 की उप-धारा (3) और उप-धारा (4), धारा 151, धारा 152 की उप-धारा (5), धारा 153, धारा 154, धारा 157, धारा 160, धारा 168 की उप-धारा (1) और धारा 170 के अधीन समादत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और कंपनी (केंद्रीय सरकार) के साधारण नियम और प्ररूप, 1956 या इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन विहित किन्ही अन्य नियमों को उन बातों के सिवाय, अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 हैं।

(2) ये नियम 1 अप्रैल, 2014 से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) " अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से इन नियमों से उपाबद्ध उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) "अंकीय हस्ताक्षर" से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (त) के अधीन यथापरिभाषित अंकीय हस्ताक्षर अभिप्रेत है;

(घ) "निदेशक पहचान संख्या" (डिन) से किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसकी किसी कंपनी में निदेशक के रूप में नियुक्ति होनी है, आशयित है या किसी कंपनी के वर्तमान निदेशक को, उसकी पहचान करने के प्रयोजनार्थ केंद्रीय सरकार द्वारा आबंटित पहचान संख्या अभिप्रेत है:

परंतु कि इन नियमों को अधिसूचना से पहले व्यष्टियों द्वारा प्राप्त की गई निदेशक पहचान संख्या (डिन) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रयोजन के लिए निदेशक पहचान संख्या होगी ।

परंतु यह और कि "निदेशक पहचान संख्या" (डिन) में सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 (2009 का 6) की धारा 7 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन जारी अभिहित भागीदारी पहचान संख्या (डीपीआईएन) भी सम्मिलित होगी।

(ड) "इलैक्ट्रानिक अभिलेख" से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (न) के अधीन यथापरिभाषित इलैक्ट्रानिक अभिलेख अभिप्रेत है;

(च) "इलैक्ट्रानिक रजिस्ट्री" से केन्द्रीय सरकार का ऐसा इलैक्ट्रानिक संग्रह या भंडारण अभिप्रेत है जिसमें सूचना या दस्तावेज इलैक्ट्रानिक रूप में प्राप्त किए जाते हैं, भंडारित, संरक्षित और परिरक्षित किए जाते हैं;

(छ) "फीस" से ऐसी फीस अभिप्रेत है जो कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में विनिर्दिष्ट है;

(ज) "प्ररूप" या "ई-प्ररूप" से इन नियमों के उपाबंध में दिया ऐसा प्ररूप अभिप्रेत है जिसका प्रयोग उस विषय के लिए किया जाएगा, जिससे वह संबंधित है;

(झ) "प्रादेशिक निदेशक" से केन्द्रीय सरकार द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में प्रादेशिक निदेशक के रूप में नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ञ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ट) अधिनियम की धारा 164 की उप-धारा (1) के खंड (घ) और धारा 167 की उप-धारा (1) के खंड (च) के प्रयोजन के लिए "या अन्यथा" से कोई ऐसा अपराध अभिप्रेत है जिसके संबंध में उसे, उक्त अधिनियम या कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध किया गया है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त उन शब्दों और अभिव्यक्तियों का, जो परिभाषित नहीं है, किंतु अधिनियम के अधीन या प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) या भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) या निक्षेपागार अधिनियम, 1996 (1996 का 22) या सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) या कंपनी (परिभाषा ब्यौरों के विनिर्देश) नियम, के अधीन परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जो क्रमशः अधिनियम या उन अधिनियमों में है।

3. बोर्ड में महिला निदेशक: निम्नलिखित श्रेणी की कंपनियां कम-से-कम एक महिला निदेशक नियुक्त करेंगी:-

(i) प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी;

(ii) प्रत्येक ऐसी अन्य पब्लिक कंपनी जिसके पास;

(क) सौ करोड़ रू. या अधिक की समादत्त शेयर पूंजी हो; या

(ख) तीन सौ करोड़ रू. या अधिक का आवर्त हो:

परंतु ऐसी, कंपनी को, जो कि अधिनियम के अधीन निगमित की गई है तथा धारा 149 की उपधारा (1) के दूसरे परंतुक के उपबंधों के अधीन आती है, उसके निगमन की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर ऐसे उपबंधों का अनुपालन करना होगा:

परंतु यह और कि, इसके अलावा महिला निदेशक की कोई आवश्यक रिक्ति को बोर्ड द्वारा शीघ्रातिशीघ्र, किंतु बोर्ड की अग्रगामी बैठक के ठीक अपश्चात् या ऐसी रिक्ति की तारीख से तीन मास के भीतर इनमें से, जो भी बाद में हो, भरी जाएगी।

स्पष्टीकरण: इस नियम के प्रयोजन के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि यथास्थिति समादत्त शेयर पूंजी या आवर्त को नवीनतम संपरीक्षित विवरण के अनुसार हिसाब में लिया जाएगा।

4. **स्वतंत्र निदेशकों की संख्या:-** निम्नलिखित श्रेणी या श्रेणियों की कंपनियों में कम-से-कम दो निदेशक स्वतंत्र निदेशक के रूप में होंगे -

(i) पब्लिक कंपनियां, जिनके पास दस करोड़ रू. या उससे अधिक की समादत्त शेयर पूंजी हो; या

(ii) पब्लिक कंपनियां, जिसके पास एक सौ करोड़ रू. या अधिक का आवर्त हो; या

(iii) पब्लिक कंपनियां जिनके पास कुल बकाया उधार; डिबेंचर और जमाराशियां पचास करोड़ रूपये से अधिक की हो।

परंतु कि इस नियम के अंतर्गत आने वाली किसी कंपनी के लिए अपनी लेखापरीक्षा समिति के गठन के कारण उच्चतर संख्या में स्वतंत्र निदेशकों को नियुक्त करना अपेक्षित है; तो उसे स्वतंत्र निदेशकों की ऐसी उच्चतर संख्या लागू होगी:

परंतु और किसी स्वतंत्र निदेशक की आकस्मिक रिक्ति को बोर्ड द्वारा शीघ्रातिशीघ्र किंतु बोर्ड की अगामी बोर्ड बैठक के ठीक अपश्चात् उक्त रिक्ति की तारीख से तीन मास के भीतर, इनमें से जो भी बाद में हो, भरी जाएगी:

परंतु यह भी कि जहां कोई कंपनी लगातार तीन वर्षो तक उप-नियम (1) में अधिकथित शर्तों में से किसी एक को पूरा करना बंद कर दे तो उसके लिए इन उपबंधों को पूरा करना अपेक्षित नहीं है जब तक वह ऐसी शर्तों को पूरा नहीं कर देती।

स्पष्टीकरण: इन नियमों के प्रयोजनों के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि नवीनतम संपरीक्षित वित्तीय विवरणों की अंतिम तारीख को यथाविद्यमान समादत्त शेयर पूंजी या आवर्त या बकाया उधार, डिबेंचर तथा जमाराशियों, को *हिसाब में लिया जाएगा, हिसाब में लिया जाएगा।*

परंतु कि कोई कंपनी, कंपनियों की ऐसी श्रेणी से संबंधित है जिसके लिए तत्समय प्रवृत्त विधि में स्वतंत्र निदेशकों की अधिक संख्या विनिर्दिष्ट की गई है तो वह ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का पालन करेगी ।

5. **स्वतंत्र निदेशकों की अर्हताएं:-** स्वतंत्र निदेशक के पास वित्त, विधि, प्रबंधन, बिक्री, विपणन, प्रशासन, अनुसंधान, कारपोरेट शासन, तकनीकी प्रचालन या कंपनी कारबार से संबंधित अन्य विधाओं में समुचित कौशल और ज्ञान होना चाहिए।

6. **स्वतंत्र निदेशक बनने की प्रस्थापना करने वाले व्यक्तियों के डाटाबैंक का सृजन और रखरखाव:-** (1) कोई ऐसा निकाय, संस्थान या संगम (जिसे इसमें इसके पश्चात् "अभिकरण" कहा गया है) जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया है, स्वतंत्र निदेशक बनने के इच्छुक और योग्य व्यक्तियों के डाटा बैंक का सृजन और रखरखाव करेगा तथा ऐसे डाटा बैंक को कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट या केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित या अधिसूचित वेबसाइट में डाला जाएगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट डाटा बैंक में, स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त होने के योग्य और इच्छुक प्रत्येक व्यक्तियों से संबंधित डाटाबैंक में निम्नलिखित ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे -

(क) निदेशक पहचान संख्या;

(ख) पूरा नाम और उपनाम;

(ग) आयकर स्थायी खाता संख्या(पैन);

(घ) पिता तथा माता का नाम तथा पति/पत्नी का नाम (यदि विवाहित हो तो);

(ङ) जन्म की तारीख;

(च) लिंग;

(छ) राष्ट्रीयता;

(ज) व्यवसाय;

(झ) पिन कोड सहित पूरा पता (वर्तमान तथा स्थायी);

(ञ) दूरभाष;

(ट) ईमेल आई डी;

(ठ) शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताएं;

(ड) अनुभव और विशेषज्ञता यदि कोई हो,;

(ढ) क्या ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध कोई विधिक कार्यवाही शुरू की गई है या लंबित है;

(ण) निम्नलिखित सीमित दायित्व भागीदारियों की सूची, जिनमें वह नामनिर्दिष्ट भागीदार है या था:

(i) सीमित दायित्व भागीदारी का नाम;

(ii) उद्योग की प्रकृति;

(iii) तारीखों सहित अवधि;

(त) निम्नलिखित सहित ऐसी कंपनियों की सूची, जिनमें वह निदेशक है या था:

(i) कंपनी का नाम;

(ii) उद्योग की प्रकृति;

(iii) निदेशक पद की प्रकृति— कार्यपालक निदेशक या गैर कार्यपालक निदेशक या प्रबंध निदेशक या स्वतंत्र निदेशक या नामनिर्दिष्ट निदेशक; तथा

(iv) तारीखों सहित अवधि।

(3) किसी दावात्यक्त को डाटाबेस वाली वेबसाइट पर सहजदृश्य रूप में प्रदर्शित किया जाएगा कि कंपनी ने किसी व्यक्ति को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने से पूर्व स्वयं सम्यक तत्परता बरतनी चाहिए और डाटाबेस का अनुरक्षण करने वाला 'अभिकरण' या केंद्रीय सरकार ऐसे व्यक्ति, जिसकी विशिष्टियां डाटा बैंक का हिस्सा हैं, की उपयुक्तता के बारे में सूचना की शुद्धता या योग्यता की कमी के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।

(4) कोई व्यक्ति जो स्वंतत्र निदेशकों के डाटाबैंक में अपना नाम सम्मिलित करवाने का इच्छुक है, वह प्ररूप डीआईआर-1 में 'अभिकरण' को आवेदन देगा।

(5) अभिकरण, आवेदक से उसका नाम स्वतंत्र निदेशकों के डाटा बैंक में सम्मिलित किए जाने के लिए युक्तियुक्त फीस प्रभारित कर सकेगा।

(6) कोई व्यक्ति जिसने अपना नाम स्वतंत्र निदेशकों के डाटा बैंक में सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन किया है, ऐसा कोई व्यक्ति जिसका नाम डाटा बैंक में सम्मिलित है, अपनी विशिष्टियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने के बारे में ऐसे परिवर्तन के पंद्रह दिनों के भीतर अभिकरण को सूचित करेगा।

(7) वेबसाइट पर डाले जाने वाला डाटाबैंक—

(क) विनिर्दिष्ट वेबसाइट में उपलब्ध होगा;

(ख) सारवान रूप से डाटाबैंक के भौतिक स्वरूप के समान होगा;

(ग) उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट मापदंडों के आधार पर खोजे जाने योग्य होगा;

(घ) मुद्रण और ऑनलाइन देखे जाने योग्य, दोनों के लिए सुविधाजनक प्ररूप या प्ररूपों में प्रस्तुत किया जाएगा; और

IndiaCode

(ङ) विशिष्टियां देखने या मुद्रित करने के लिए अपेक्षित सॉफ्टवेयर अभिप्राप्त करने के लिए लिंक निःशुल्क उपलब्ध होगा।

7. छोटे शेयरधारकों के निदेशक:- (1) सूचीबद्ध कंपनी में, कम से कम एक हजार छोटे शेयरधारकों या ऐसे शेयरधारकों की कुल संख्या के दसवें भाग, इनमें से जो भी कम हो, की रचना, छोटे शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित एक छोटे शेयरधारकों का निदेशक हो सकेगा:

परंतु कि इस उपनियम की कोई बात सूचीबद्ध कंपनी को छोटे शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक का स्वप्रेरणा से चुनाव करने से निवारित नहीं करेगी तथा ऐसी स्थिति में ऐसे निदेशक की नियुक्ति के लिए उप-नियम (2) के उपबंध लागू नहीं होंगे।

(2) किसी व्यक्ति को छोटे शेयरधारकों के निदेशक के पद के लिए अभ्यर्थी के रूप में प्रस्तावित करने के लिए आशयित छोटे शेयरधारक को बैठक से पूर्व कम-से-कम चौदह दिन पहले कंपनी को, ऐसे व्यक्ति का, जिसका नाम निदेशक पद के लिए प्रस्तावित किया जा रहा है, नाम,पता शेयर और फोलियो संख्या और ऐसे छोटे शेयरधारकों के नाम, पता, धारित शेयर, फोलियो संख्या, जो उस निदेशक के पद के लिए ऐसे व्यक्ति का प्रस्ताव कर रहे हैं, विनिर्दिष्ट करते हुए अपने हस्ताक्षर से अपने आशय की सूचना देंगे;

परंतु यदि प्रस्तावित किए गए व्यक्ति के पास कंपनी के शेयर नहीं है तो, सूचना में धारित शेयर और फोलियो संख्या के ब्यौरे विनिर्दिष्ट करना आवश्यकता नहीं होगा:

(3) सूचना के साथ छोटे शेयरधारकों के निदेशक के पद के लिए प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित विवरण संलग्न किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित कथन होगा-

(क) उसकी निदेशक पहचान संख्या;

(ख) वह अधिनियम के अधीन निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं है; और

(ग) कंपनी के निदेशक के रूप में कार्य करने के लिए उसकी सहमति।

(4) ऐसा निदेशक, धारा 149 की उप-धारा (6) के अधीन उसके पात्र होने के अध्यधीन तथा अधिनियम की धारा 149 की उपधारा (7) के अनुसार उसके द्वारा अपनी स्वतंत्रता का घोषणा करने के अधीन रहते हुए एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में समझा जाएगा।

(5) छोटे शेयरधारकों के निदेशक की नियुक्ति धारा 152 के उपबंधों के अधीन रहते हुए की जाएगी सिवाय उसके कि-

(क) ऐसा निदेशक चक्रानुक्रम द्वारा सेवानिवृत्त होने योग्य नहीं होगा ;

(ख) छोटे शेयरधारकों के निदेशक के रूप में ऐसे निदेशक का कार्यकाल तीन वर्ष की लगातार अवधि से अधिक नहीं होगा; और

(ग) कार्यकाल की समाप्ति पर, ऐसा निदेशक पुनर्नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(6) कोई व्यक्ति किसी कंपनी के छोटे शेयर धारकों के निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा, यदि वह धारा 164 के निबंधनानुसार नियुक्ति का पात्र नहीं है।

(7) छोटे शेयरधारकों के निदेशक के रूप में नियुक्त व्यक्ति का पद रिक्त हो जाएगा यदि—

(क) निदेशक में धारा 164 में विनिर्दिष्ट कोई निर्हताएं उपगत होती हैं;

(ख) निदेशक पद धारा 167 के अनुसरण में रिक्त हो गया है;

(ग) निदेशक धारा 149 की उप-धारा (6) में यथाउपबंधित स्वतंत्रता के मापदंड को पूरा नहीं करता है।

(8) कोई व्यक्ति एक समय में दो से अधिक कंपनियों में छोटे शेयरधारकों के निदेशक के पद को धारण नहीं करेगा:

परंतु यदि दूसरी कंपनी, जिसमें उसे नियुक्त किया गया है, ऐसा कारबार नहीं कर रही है जो पहली कंपनी में कारबार में प्रतिस्पर्धा अथवा प्रतिद्वंद्विता में है।

(9) छोटे शेयर धारकों के निदेशक को उस तारीख से जिसमें वह, किसी कंपनी में छोटे शेयरधारकों के निदेशक के रूप में पद छोड़ता है, तीन वर्ष की अवधि तक, ऐसी कंपनी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी अन्य हैसियत से, नियुक्त नहीं किया जाएगा या वह उससे संबद्ध नहीं होगा।

8. निदेशक के रूप में कार्य करने की सहमति:- प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जिसे निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है, नियुक्ति होने पर या उससे पहले कंपनी को प्ररूप **डीआईआर-2** में उस रूप में कार्य करने की एक लिखित सहमति प्रस्तुत करेगा:

परंतु कंपनी, निदेशक की नियुक्ति के तीस दिन के भीतर कंपनी (कार्यालय रजिस्ट्रीकरण और फीस) **नियम**, 2014 यथा उपबंधित फीस सहित प्ररूप **डीआईआर-12** में ऐसी सहमति रजिस्ट्रार को फाइल करेगी।

9. निदेशक पहचान संख्या के आबंटन के लिए आवेदन:—

(1) प्रत्येक व्यष्टि, जिसे कंपनी के निदेशक के रूप मे नियुक्त किया जाना है, कंपनी (कार्यालय रजिस्ट्रीकरण और फीस) नियम, 2014 में यथा उपबंधित ऐसी फीस के साथ निदेशक पहचान संख्या के आबंटन के लिए केंद्रीय सरकार को प्ररूप **डीआईआर-3** में इलेक्ट्रानिक रूप से आवेदन करेगा।

(2) केंद्रीय सरकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय की बेवसाइट पर पोर्टल के माध्यम से निदेशक पहचान संख्या के आबंटम के लिए आवेदन जमा करने हेतु एक इलेक्ट्रानिक तंत्र उपलब्ध कराएगी।

(3) (क) आवेदक पोर्टल से प्ररूप **डीआईआर-3** डाउनलोड करेगा, उसमें मांगी गई अपेक्षित विशिष्टियों को भरेगा तथा प्ररूप पर हस्ताक्षर करेगा और निम्नलिखित दस्तावेज़ों की प्रति संलग्न करने के पश्चात् दस्तावेजों के पूरे सेट को इलेक्ट्रानिक रूप से स्केन और फाइल करेगा-

(i) फोटोग्राफ;

(ii) पहचान पत्र का प्रमाण;

(iii) निवास का प्रमाण;

(iv) प्ररूप- **डीआईआर-4** में निदेशक पहचान संख्या के आबंटन के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक द्वारा सत्यापन; तथा

(v) सम्यक् रूप से सत्यापित नमूना हस्ताक्षर

(ख) आवेदक द्वारा प्ररूप **डीआईआर-3** अपने स्वयं के अंकीय हस्ताक्षर का उपयोग करते हुए इलेक्ट्रानिक रूप से हस्ताक्षरित और जमा किया जाएगा तथा-

(i) व्यवसायरत चार्टर्ड अकॉउंटेड या व्यवसायरत कंपनी सचिव या व्यवसायरत लागत लेखापाल द्वारा; या

(ii) कंपनी में पूर्णकालिक रूप से नियोजित कंपनी सचिव या उस कंपनी का प्रबंध निदेशक या निदेशक द्वारा, जिसमें आवेदक को निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाना है।

10. निदेशक पहचान संख्या का आबंटन:—(1) पोर्टल पर प्ररूप **डीआईआर-3** जमा करने और ऑनलाइन रीति में अपेक्षित फीस की राशि संदाय करने पर सिस्टम अनंतिम अस्थायी निदेशक पहचान संख्या जनित हो जाएगी जिसका तब तक उपयोग नहीं किया जाएगा जब तक केन्द्रीय सरकार द्वारा निदेशक पहचान संख्या की पुष्टि नहीं कर दी जाती है।

(2) केंद्रीय सरकार अनंतिम निदेशक पहचान संख्या जनित होने के पश्चात् नियम 9 के उपनियम(2) के अधीन निदेशक पहचान संख्या के आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर, उसके अनुमोदन या उसे नामंजूर किया जाने का

दिनिश्चय करने के लिए कार्यवाही करेगी तथा अनुमोदन करने की दशा में आबंटित निदेशक पहचान संख्या सहित इसी सूचना को उक्त आवेदन प्राप्त होने से एक मास की अवधि के भीतर डाक द्वारा पत्र के माध्यम से या इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्य किसी रीति से आवेदक को सूचित करेगी।

(3) यदि केंद्रीय सरकार, जांच करने पर ऐसे आवेदन को किसी भी प्रकार से त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण पाती है, तो वह उक्त आवेदन को वेबसाइट पर डालकर तथा ई-मेल द्वारा आवेदक को जिसने ऐसा आवेदन फाइल किया है, यह निदेश देते हुए कि वह वेबसाइट या ईमेल पर डाले जाने के पद्रंह दिनों की अवधि के भीतर उक्त त्रुटि और अपूर्णता को ठीक करके आवेदन पुनः फाइल करके ऐसी त्रुटि या अपूर्णता की सूचना देगी :

परंतु केंद्रीय सरकार

(क) जहां आंशिक रूप से त्रुटि को ठीक किया गया है या दी गई सूचना फिर भी गलत पाई जाती है; वहां आवेदन अस्वीकार कर देगी तथा आवेदक को पूर्ण और सही सूचना के साथ नए सिरे से आवेदन फाइल करने का निदेश देगी;

(ख) दिए गए समय के भीतर त्रुटियों को ठीक नहीं किए जाने की दशा में ऐसे आवेदन को अविधिमान्य समझेगी और उस रूप में चिह्नित करेगी; तथा

(ग) आवेदक को डाक द्वारा पत्र भेजकर या इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्य किसी रीति में सूचित करेगी।

(4) आवेदन के नामंजूर किए जाने या अविधिमान्य होने की दशा में, सिस्टम द्वारा इस प्रकार आबंटित अनंतिम निदेशक पहचान संख्या स्वतः रद्द हो जाएगी तथा आवेदन के साथ इस प्रकार संदत्त फीस न तो वापिस होगा न ही अन्य किसी आवेदन के साथ उसका समायोजन किया जाएगा।

(5) इन नियमों के लागू होने से पहले केंद्रीय सरकार द्वारा व्यक्ति (व्यक्तियों) को आबंटित सभी निदेशक पहचान संख्याओं को इन नियमों के अधीन आबंटित माना जाएगा।

(6) इन नियमों के अधीन इस प्रकार आबंटित निदेशक पहचान संख्या आवेदक के जीवनपर्यंत विधिमान्य रहेंगे और अन्य किसी व्यक्ति को आबंटित नहीं किए जाएंगे।

11. डिन को रद्द किया जाना, अभ्यर्पित किया जाना या निष्क्रिय किया जाना- केन्द्रीय सरकार या प्रादेशिक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र), नोएडा या प्रादेशिक निदेशक द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, किसी व्यक्ति से प्राप्त आवेदन के साथ संलग्न विशिष्टियों या दस्तावेजी सबूतों का सत्यापन करने के पश्चात् समाधान हो जाने पर निदेशक पहचान संख्या को रद्द या निष्क्रिय कर सकेगा यदि-

(क) एक ही व्यक्ति के संबंध में निदेशक पहचान-पत्र संख्या की अनुलिपि पाई जाती है, परंतु कि दोनों निदेशक पहचान संख्या को प्रतिधारित संख्या के साथ मिला दिया जाए;

(ख) निदेशक पहचान संख्या सदोषपूर्ण रीति या कपटपूर्ण साधन से प्राप्त किया गया हो;

(ग) संबद्ध व्यक्ति की मृत्यु होने पर;

(घ) संबद्ध व्यष्टि को सक्षम न्यायालय द्वारा विकृतचित्त वाला व्यक्ति घोषित किया गया हो;

(ङ) यदि संबद्ध व्यक्ति को दिवालिया अधिनिर्णीत किया गया हो;

परंतु कि खंड (ख) के अनुसरण में निदेशक पहचान संख्या को रद्द करने और निष्क्रिय करने से पूर्व, संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

(च) केंद्रीय सरकार, निदेशक पहचान संख्या धारक द्वारा इस घोषणा के साथ कि उसे किसी कंपनी में कभी निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया गया तथा उसने कभी भी उक्त निदेशक पहचान संख्या का किसी भी प्राधिकारी के पास कोई दस्तावेज फाइल करने हेतु प्रयुक्त नहीं किया गया है, अपनी निदेशक पहचान संख्या अभ्यर्पित करने के लिए प्ररूप **डीआईआर-5** में दिए गए आवेदन देने पर, ऐसी निदेशक पहचान संख्या को निष्क्रिय कर सकेगी:-

परंतु कि ऐसी निदेशक पहचान संख्या को निष्क्रिय करने से पूर्व केंद्रीय सरकार ई-अभिलेखों का सत्यापन करेगी।

स्पष्टीकरण: खंड (ख) के प्रयोजनों के लिए,

(i) "सदोषपूर्ण रीति" पद से अभिप्रेत है कि निदेशक पहचान संख्या ऐसे उन दस्तावेजों के बल पर जो विधिक रूप से विधिमान्य नहीं है या अपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं या वास्तविक जानकारी का अधिक्रमण करके या गलत प्रमाणपत्रों के आधार पर या भ्रामक या मिथ्या जानकारी या दुर्व्यपदेशन द्वारा प्राप्त की गई है;

(ii) "कपटपूर्ण साधन" पद से अभिप्रेत है यदि निदेशक पहचान संख्या केन्द्रीय सरकार सहित किसी अन्य व्यक्ति या प्राधिकारी को धोखा देने के आशय से प्राप्त की गई है।

12. निदेशक पहचान संख्या के आवेदन में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों में परिवर्तनों को सूचित किया जाना:-(1) प्रत्येक ऐसा व्यष्टि, जिसे इन नियमों के अधीन निदेशक पहचान संख्या आबंटित की गई है, प्ररूप **डीआईआर-3** में यथाकथित अपनी विशिष्टियों में कोई भी परिवर्तन होने की स्थिति में निम्नलिखित रीति में प्ररूप **डीआईआर-6** में ऐसे परिवर्तन (परिवर्तनों) के तीस दिन की अवधि के भीतर केंद्रीय सरकार को ऐसे परिवर्तन (परिवर्तनों) की सूचना देगा: अर्थात्

(i) आवेदक पोर्टल से प्ररूप **डीआईआर-6** डाउनलोड करेगा तथा उसमें सुसंगत परिवर्तनों को भरेगा, प्ररूप **डीआईआर-7** में परिवर्तित विशिष्टियों के सबूत और सत्यापन की प्रति संलग्न करेगा और उन सभी को स्कैन करके इलेक्ट्रानिक रूप से जमा करेगा;

(ii) प्ररूप को व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायरत कंपनी सचिव या व्यवसायरत लागत लेखापाल द्वारा अंकीय हस्ताक्षरित कराया जाएगा;

(iii) आवेदक को प्ररूप **डीआईआर-6** प्रस्तुत करना होगा;

(2) केंद्रीय सरकार, संलग्न सबूतों से ऐसी परिवर्तित विशिष्टियों का सत्यापन करने के पश्चात् समाधान हो जाने पर; उक्त परिवर्तनों को सम्मिलित करेगी तथा आवेदक को, मंत्रालय द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रानिक डाटाबेस में किए गए ऐसे परिवर्तन के प्रभाव की पुष्टि की बाबत डाक द्वारा पत्र से या इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्य किसी रीति में सूचित करेगी।

(3) मंत्रालय का निदेशक पहचान संख्या प्रकोष्ठ प्ररूप **डीआईआर-6** में उसके समक्ष प्रस्तुत निदेशक की विशिष्टियों में किया गया परिवर्तन (परिवर्तनों) को संबंधित रजिस्ट्रार (रजिस्ट्रारों), जिसकी अधिकारिता में कंपनी (कंपनियों) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय, जिसमें ऐसा व्यक्ति निदेशक है, स्थित है, को भी सूचित करेगा।

(4) संबंधित व्यष्टि अपनी विशिष्टियों में हुए परिवर्तन (परिवर्तनों) की सूचना ऐसे परिवर्तन के पंद्रह दिन के भीतर कंपनी या कंपनियों, जिनमें वह निदेशक है, को भी देगा।

13. निदेशक पद के लिए अभ्यर्थिता की सूचना: कंपनी, साधारण अधिवेशन से कम-से-कम सात दिन पहले अपने सदस्यों को निदेशक पद के लिए किसी व्यक्ति की अभ्यर्थिता के बारे में या किसी सदस्य द्वारा ऐसे व्यक्ति को उस पद के लिए अभ्यर्थी के रूप में प्रस्तावित करने के आशय की सूचना देगी

(1) इलेक्ट्रानिक रीति के माध्यम से ऐसे सदस्यों को, जिन्होंने संप्रेषण के प्रयोजनों के लिए कंपनी को अपना ई-मेल पता उपलब्ध कराया है तथा अन्य सभी सदस्यों को लिखित रूप में व्यक्तिगत सूचना देकर; और

(2) कंपनी की वेबसाइट में, यदि कोई हो, ऐसी अभ्यर्थिता की सूचना और आशय डालकर;

परंतु कंपनी के लिए पूर्वोक्त अनुसार सदस्यों को व्यक्तिगत सूचना की तामील करना आवश्यक नहीं होगा यदि कंपनी ने अधिवेशन से कम-से-कम सात दिन पूर्व कम से कम एक बार ऐसी अभ्यर्थिता या आशय का विज्ञापन

उस जिले में, जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय स्थित है, वहां की मुख्य स्थानीय भाषा वाले परिचालित स्थानीय समाचार-पत्र में और उस जिले में परिचालित अंग्रेजी समाचार-पत्र में अंग्रेजी भाषा में विज्ञापन दे दिया है।

14. धारा 164 की उपधारा (2) के अधीन निदेशकों की निरर्हता:-

(1) अपनी नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति से पूर्व प्रत्येक निदेशक, धारा 164 की उपधारा (2) के अधीन प्ररूप डीआईआर-8 में अपनी निर्हताओं के बारे में, यदि कोई हो, कंपनी को सूचित करेगा।

(2) जब कभी कोई कंपनी धारा 164 की उपधारा (2) में यथा विनिर्दिष्ट वित्तीय विवरण या वार्षिक विवरणी फाइल करने में असफल रहती है या कोई जमाराशि, ब्याज, लाभांश को का प्रतिसंदाय करने में असफल रहती है या अपने डिबेंचरों का मोचन करने में असफल रहती है तो कंपनी तुरंत रजिस्ट्रार को प्ररूप डीआईआर-9, उसमें सुसंगत वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के सभी निदेशकों के नाम और पते देते हुए फाइल करेगी।

(3) जब कोई कंपनी प्ररूप डीआईआर-9 फाइल करने में असफल रहती है तो वह ऐसी असफलता के तीस दिन की अवधि के भीतर उसे धारा 164 की उपधारा (2) के अधीन अयोग्यता समझा जाएगा और अधिनियम की धारा 2 के खंड (60) में विनिर्दिष्ट कंपनी के अधिकारी व्यतिक्रमी अधिकारी होंगे।

(4) उप-नियम (2) के अधीन प्ररूप डीआईआर-9 की प्राप्ति पर, रजिस्ट्रार तुरंत दस्तावेजों को रजिस्ट्रीकृत करेगा तथा उसे पब्लिक निरीक्षण हेतु दस्तावेज फाइल में रखेगा।

(5) निदेशक की निरर्हता हटाए जाने के लिए कोई आवेदन प्ररूप डीआईआर-10 में दिया जाएगा।

15. निदेशक के त्यागपत्र का सूचना:- कंपनी, निदेशक से त्यागपत्र की सूचना प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर प्ररूप डीआईआर-12 में रजिस्ट्रार को सूचित करेगी तथा अपनी वेबसाइट पर, यदि कोई हो, में उक्त जानकारी डालेगी।

16. निदेशक द्वारा अग्रेषित किए जाने वाले त्यागपत्र की प्रति:- जहां कोई निदेशक अपने पद से त्यागपत्र दे देता है वहां वह त्यागपत्र दिए जाने की तीस दिन की अवधि के भीतर में कंपनी (कार्यालय रजिस्ट्रीकरण और फीस) नियम, 2014 में यथा उपबंधित फीस के साथ और प्ररूप डीआईआर-11 में त्यागपत्र दिए जाने के कारणों सहित अपने त्यागपत्र की एक प्रति रजिस्ट्रार को अग्रेषित करेगा।

17. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का रजिस्टर:- (1) प्रत्येक कंपनी निम्नलिखित विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करते हुए अपने निदेशकों तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का एक रजिस्टर अपने रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में रखेगी अर्थात्

(क) निदेशक पहचान संख्या (प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के लिए वैकल्पिक);

(ख) वर्तमान पूरा नाम और उपनाम;

(ग) पूर्व पूरा नाम और उपनाम;

(घ) पिता का नाम, माता का नाम, पति/पत्नी का पूरा नाम (यदि विवाहित है) तथा पूरा उपनाम;

(ङ) जन्म तारीख;

(च) आवासीय पता (वर्तमान और स्थायी);

(छ) राष्ट्रीयता, (जिसके अंतर्गत मूल राष्ट्रीयता भी है, यदि भिन्न है तो);

(ज) व्यवसाय;

(झ) बोर्ड संकल्प की तारीख जिसमें नियुक्ति की गई थी;

(ञ) कंपनी में नियुक्ति तथा पुनर्नियुक्ति की तारीख;

(ट) पद से हटने की तारीख और उसके कारण;

(ठ) किसी अन्य निगमित निकाय में धारित या छोड़े गए निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का पद;

(ड) कंपनी सचिव की दशा में, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की सदस्यता संख्या, यदि लागू हो और;

(ढ) स्थायी खाता संख्या (निदेशक पहचान संख्या न होने पर प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के लिए अनिवार्य है)

(2) निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के ब्यौरों के अतिरिक्त कंपनी, पूर्वोक्त रजिस्टर में कंपनी, कंपनी में उनके द्वारा धारित प्रतिभूतियों के ब्यौरे, उसकी नियंत्री कंपनी, अनुषंगियों, कंपनी की अनुषंगियों की नियंत्री कंपनी और निम्नलिखित से संबंधित सहबद्ध कंपनियां भी सम्मिलित की जाएंगी।

(क) प्रतिभूतियां की संख्या, विवरण तथा अंकित मूल्य;

(ख) अधिग्रहण की तारीख तथा मूल्य या संदत्त अन्य प्रतिफल;

(ग) निपटान की तारीख और मूल्य तथा प्राप्त अन्य प्रतिफल;

(घ) संचयी अतिशेष तथा प्रत्येक संव्यवहार के पश्चात् धारित प्रतिभूतियों की संख्या;

(ङ) प्रतिभूतियों के अधिग्रहण की रीति;

(च) धारण करने की रीति-भौतिक या अभौतिक रूप से; और

(छ) क्या प्रतिभूतियां गिरवी रखी गई है या प्रतिभूतियों पर विल्लंगम सृजित किया गया

18. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की विशिष्टियां को अंतर्विष्ट करने वाली विवरणी- निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्त की विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करने वाली विवरणी और उसमें हुए परिवर्तनों को प्ररूप डीआईआर-12 में, यथास्थिति, ऐसी नियुक्ति या परिवर्तन, के तीस दिन के भीतर ऐसी फीस के साथ जो कंपनी (कार्यालय रजिस्ट्रीकरण और फीस) नियम, 2014 में उपबंधित है, रजिस्ट्रार के पास फाइल की जाएगी।

उपाबंध

प्ररूप डीआईआर-1

स्वतंत्र निदेशकों के डाटा बैंक में नाम शामिल करने हेतु आवेदन

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 150 और नियम 6(4) के अनुसरण में]

क. व्यक्तिगत ब्यौरे

1. नाम
2. लिंग *पुरूष *स्त्री *ट्रांसजेंडर
3. जन्म तिथि
4. राष्ट्रीयता
5. आवासीय पता
6. ई-मेल आईडी
7. दूरभाष/मोबाइल संख्या

ख. शैक्षणिक ब्यौरे

1. अभियोग्यताएं
2. लिए गए प्रशिक्षण के ब्यौरे, यदि कोई हो

ग. व्यावसायिक ब्यौरे और कार्य अनुभव

1. व्यावसायिक वृत्ति और विशेषज्ञता का संक्षिप्त विवरण
2. वर्तमान पद

3. वर्तमान जॉब प्रोफाइल
4. अनुभव के कुल वर्ष
5. पूर्व कार्य अनुभव

संगठन/कंपनी का नाम	कार्यग्रहण की तारीख	पद छोड़ने की तारीख	निष्पादित कार्य/जवाबदेहियों/दायित्वों की प्रकृति

घ. बोर्ड पदों के ब्यौरे

1. पिछले पांच वर्षों के दौरान जिन कंपनियों में निदेशक पद धारण किया उनकी सूची
2. वर्तमान निदेशक पदों की संख्या
3. बोर्ड समितियों की वर्तमान सदस्यताओं की संख्या

ङ. अन्य सूचना, यदि कोई हो, जो संगत समझी जाए

भाग – ख : सूचना अथवा ब्यौरों में परिवर्तन, यदि कोई हो, जिसे बाद में दिया जाना है

(क) तारीख..... के प्ररूप ..... द्वारा पूर्व में दी गई सूचना अथवा ब्यौरे

(ख) नई सूचना अथवा ब्यौरे

तारीख: हस्ताक्षर:
स्थान: नाम:

IndiaCode

प्रारूप डीआईआर-2

कंपनी के निदेशक के रूप में कार्य करने की स्वीकृति

[धारा 152(5) और नियम 8 के अनुसरण में]

सेवा में,

.....(कंपनी का नाम)

..... (कंपनी का पता)

विषय: निदेशक के रूप में कार्य करने की स्वीकृति।

मैं..... (कंपनी का नाम) के निदेशक के रूप में (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 की उप-धारा (5) के अनुसरण में कार्य करने की स्वीकृति देता हूं और प्रमाणित करता हूं कि मैं कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं हूँ।

1. निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) :
2. नाम (पूरा) :
3. पिता का नाम (पूरा) :
4. पता:
5. ई-मेल पता:
6. मोबाइल नंबर:
7. आयकर पैन:
8. व्यवसाय:
9. जन्म तारीख:
10. राष्ट्रीयता:
11. कंपनियों की संख्या जिनमें पहले से ही निदेशक हूं और इनमें से उन कंपनियों के नाम जिनमें मैं प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पूर्णकालिक निदेशक, सचिव, मुख्य वित्तीय अधिकारी, प्रबंधक हूँ।
12. सदस्यता संख्या के ब्यौरे और व्यवसाय का प्रमाण-पत्र, यदि आवेदक किसी वृत्तिक संस्थान का सदस्य है, यदि नहीं है तो शून्य लिखें।

घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि मैं किसी कंपनी या एलएलपी के निर्माण या प्रबंधन, प्रोन्नति के संबंध में किसी अपराध का सिद्ध दोषी नहीं हूँ और मुझे पिछले पांच वर्षों में इस अधिनियम अथवा पिछले कंपनी अधिनियम के अधीन किसी कंपनी में किसी कपट या अपकरण या कर्तव्य भंग का दोषी नहीं पाया गया है। मैं और घोषणा करता हूं कि यदि नियुक्त किया जाता हूँ तो सभी कंपनियों में मेरे द्वारा धारित कुल निदेशक पदों की संख्या कंपनियों की निर्धारित संख्या जिनमें एक व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, से अधिक नहीं होगी।

हस्ताक्षर:.....

पदनाम: .....

IndiaCode

तारीख:
स्थान:

संलग्नक:
1. पहचान का सबूत
2. निवास का सबूत

प्रपत्र डीआईआर-3 [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 153, कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 9(1) तथा सीमित देयता भागीदारी नियम, 2009 के नियम 10 के अनुसरण में]	सत्यमेव जयते	निदेशकों पहचान संख्या के आवंटन के लिए आवेदन

- *के रूप में अंकित क्षेत्रों को भरना अनिवार्य है।
- भारतीय होने की स्थिति; आयकर स्थायी खाता नाम (आयकर पैन) अनिवार्य है तथा ऐसी स्थिति में आवेदक के ब्यौरे आयकर पैन के अनुसार होने चाहिए। आयकर पैन के अनुसार ब्यौरे सही न होने पर, आवेदक को सलाह दी जाती है कि सर्वप्रथम आयकर पैन में ब्यौरों को सही करें। ब्यौरों के लिए निर्देश किट देखें।
- विदेशी होने की स्थिति में, पासपोर्ट संख्या अनिवार्य है।

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम भरें तथा संक्षिप्तियों का प्रयोग न करें)
   (क) प्रथम नाम.....
   (ख) उपनाम.....
   (ग) मध्य नाम.....

फोटोग्राफ

(उपर्युक्त बॉक्स पर क्लिक करके पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ संलग्न करें)
(फोटोग्राफ हटाएं)

2. *पिता का नाम (विवाहित महिलाएं भी पिता का नाम भरें)
   प्रथम नाम.....
   उपनाम.....
   मध्य नाम.....

3. *क्या भारतीय नागरिक है * हां * नहीं
4. राष्ट्रीयता
5. *क्या भारतीय निवासी है *हां *नहीं
6. (क) *व्यवसाय का प्रकार * स्वनियोजित *व्यावसायिक * गृहिणी *विद्यार्थी * कर्मचारी
   व्यवसाय का क्षेत्र.....

यदि 'अन्य' चुने तो उल्लेख करें.....

(ख) *शैक्षणिक अर्हताएं.....

7. *जन्म तिथि.....(दिन/माह/वर्ष)
8. *लिंग *पुरूष * स्त्री * ट्रांसजेंडर
9. जन्म स्थान.....
10. आयकर स्थायी खाता संख्या.....(आयकर पैन के ब्यौरों का सत्यापन करें)
11. मतदाता पहचान पत्र संख्या.....
12. पासपोर्ट संख्या.....
13. ड्राइविंग लाइसेंस संख्या.....
14. आधार संख्या.....
15. स्थायी आवासीय पता

*पंक्ति I.....

पंक्ति II.....

*शहर.....

*राज्य.....

*आईएसओ कंट्री कोड.....पिन कोड

देश.....

*दूरभाष.....मोबाईल.....फैक्स

ईमेल आईडी.....

16. *क्या वर्तमान आवासीय पता और स्थायी आवासीय पता समान है * हां * नहीं
17. वर्तमान आवासीय पता

पंक्ति I.....

पंक्ति II.....

शहर.....

राज्य.....

आईएसओ कंट्री कोड.....पिन कोड

देश.....

दूरभाष.....मोबाईल.....फैक्स

ईमेल.....

संलग्नक

संलग्नकों की सूची

1.	*आवेदक की पहचान का प्रमाण	(संलग्न करें)
2.	*आवेदक के आवास का प्रमाण	(संलग्न करें)
3.	*प्रपत्र सं. डीआईआर4 के अनुसार आवेदक द्वारा सत्यापन की प्रति	(संलग्न करें)
4.	वैकल्पिक संलग्नक- यदि कोई हो	(संलग्न करें)
		(संलग्नकों हटाएं)

(आवेदक द्वारा अंकीय हस्ताक्षर हेतु) (डीएससी बॉक्स)

प्रमाणपत्र

मैं घोषित करता हूं कि मुझे प्रपत्र के प्रमाणन/सत्यापन के प्रयोजनार्थ विहित रूप से नियुक्त किया गया है। एतद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि:

- मैंने संलग्न दस्तावेजों के मूल के अनुसरण के आधार पर आवेदक की पहचान सुनिश्चित कर ली है।

IndiaCode

नोटः आवेदक के भारत के बाहर निवास करने की स्थिति में विवरणों को प्रमाणित प्राधिकरण, जैसा विहित हो, द्वारा विधिवत् रूप से अनुप्रमाणित दस्तावेजों से सत्यापित होना चाहिए।

- मैंने ऐसे व्यक्ति के फोटोग्राफ के अनुप्रमाणन को सुनिश्चित किया है।
- जिसे व्यक्तिगत रूप से जानता हूं; या
- जो मुझे अनुप्रमाणित मूल दस्तावेज़ों के साथ व्यक्तिगत रूप से मिला है।
- यह भी प्रमाणित किया जाता है सभी अपेक्षित संलग्नक इस आवेदन के साथ पूर्णतः संलग्न किए गए हैं
- यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक ने प्रपत्र के साथ संलग्न निर्धारित डीआईआर-4 प्रपत्र में सत्यापन दे दिया है।
- मैंने इस प्रपत्र की विषयवस्तु और उससे संबंधित मामलों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों का अध्ययन किया है और उपर्युक्त विवरण (संलग्नकों समेत) का सत्यापन कंपनी/ आवेदक द्वारा रखे गए मूल अभिलेखों से किया है जो इस प्रपत्र की विषयवस्तु है और यह पाया है कि वे सत्य, सही और पूर्ण है तथा इस प्रपत्र से संबंधित कोई सूचना नहीं छिपाई गई है।
- मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि:
- सभी अपेक्षित संलग्नक पूर्ण और स्पष्ट रूप से प्रपत्र के साथ संलग्न किए गए हैं।
- मैंने भावी संदर्भ के लिए प्रपत्र और उसके संलग्नकों की प्रति रख ली है।
- यह समझ लिया है मुझ पर किसी भी चरण में पाए गए गलत प्रमाणन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 449 के तहत कार्रवाई की जा सकती है

IndiaCode

अंकीय हस्ताक्षर करने के लिए (डीएससी बॉक्स) श्रेणी.....

चार्टर्ड अकाउंटेंट या कंपनी सचिव या लागत लेखाकार (पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत) की स्थिति में

सदस्यता संख्या.....

प्रैक्टिस संख्या का प्रमाणपत्र.....

एसोसिएट या फैलो है * एसोसिएट * फैलो

कंपनी सचिव (पूर्णकालिक कार्यरत)या मौजूदा कंपनी, जिसमें आवेदक को निदेशक के लिए प्रस्तावित किया गया है, का निदेशक होने की स्थिति में

निदेशक का डिन या कंपनी सचिव की सदस्यता संख्या.....

कंपनी ,जिनके साथ सचिव या निदेशक संबद्ध है ,तथा जिसमें आवदेक को निदेशक के लिए प्रस्तावित किया गया है ,का सीआईएन

..... (पूर्व पूरित)

कंपनी का नाम.....

नोटः धारा 448 तथा 449 की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जिसमें झूठे विवरण के लिए दंड तथा तथा झूठे साक्ष्य के लिए दंड का प्रावधान है।

.....संशोधित..... फॉर्म चेक करें.....पूर्व संवीक्षा.....प्रस्तुत

सिर्फ कार्यालय प्रयोग हेतु..... (फाइल करने संबंधी विवरण संलग्न करें)

ई-फॉर्म सेवा अनुरोध सं. (एसआरएन) .....ई-फॉर्म जमा करने की तारीख..... (दिन/माह/वर्ष)

प्राधिकृत अधिकारी के अंकित हस्ताक्षर

एतद्द्वारा इस ई-प्रपत्र को अनुमोदित किया जाता है (जमा करने की पुष्टि करें)

एतद्द्वारा इस ई-प्रपत्र को अस्वीकृत किया जाता है

हस्ताक्षर की तिथि.....(दिन/माह/वर्ष)

या

यह ई-प्रपत्र इलेक्ट्रानिक तरीके से तथा कंपनी द्वारा दिए गए बचावयोग्यता के विवरण के आधार पर कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा रखी गई फाइल में रख दिया गया है।

IndiaCode

प्ररूप डीआईआर-4

डीआईएन के आवेदन के लिए आवेदक का सत्यापन

शपथ-पत्र के प्ररूप में होना चाहिए

[धारा 153 और नाम कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 9(3)(क)(iv) के अनुसरण में]

मैं.....पुत्र/पुत्री श्री.....,जन्म....., निवासी.....यह पुष्टि करता हूं और सत्यापित करता हूं कि प्ररूप डीआईआर-3 में दी गई विशिष्टियां सत्य है और प्ररूप डीआईआर-3 में संलग्न किए जा रहे दस्तावेजों के अनुरूप हैं।

मैं पुष्टि करता हूं और घोषणा करता हूं कि

1. प्ररूप डीआईआर-3 में संलग्न फोटो और दस्तावेज मेरे हैं। मैं यह और पुष्टि करता हूं कि सभी अपेक्षित दस्तावेज़ संबंधित सरकारी प्राधिकारी द्वारा सत्यापित हैं और प्ररूप डीआईआर-3 में संलग्न किए गए हैं, और

2. मुझे धारा 164 और 169 सहित कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अधीन किसी कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से न ही रोका गया है न ही अर्हित ठहराया गया है और न ही हटाया गया है, और

3. मुझे *आर्थिक अपराध न्यायालय या न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय या उच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय* द्वारा उदघोषित अपराधी घोषित नहीं किया गया है।

4. मुझे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 154 के अधीन अभी निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) आबंटित नहीं की गई है।

5. यदि इस आवेदन में कोई कथन मिथ्या पाया गया अथवा किसी महत्वपूर्ण तथ्य का लोप किया गया है तो अधिनियम की धारा 448 और भारतीय दंड संहिता, 1860 के संबंधित उपबंधों के अधीन अथवा कोई अन्य कानून, जो लागू होता है, के अधीन मैं जिम्मेदार होऊंगा।

*टिप्पण: जो लागू न हो, उसे काट दें।

हस्ताक्षर:

(नाम)

IndiaCode

प्ररूप डीआईआर-5

निदेशक पहचान संख्या अभ्यर्पण हेतु आवेदन

[धारा 153 और नाम कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 11(च) के अनुसरण में]

फोटो

1. आवेदक का नाम (पूरा नाम लिखें और संकेताक्षर का प्रयोग ना करें)

(क) पहला नाम:
(ख) अंतिम नाम:
(ग) मध्य नाम:

2. आवेदक की निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन):

3. डीआईएन अभ्यर्पण करने के कारण:_____

4. आयकर स्थायी खाता संख्या: (भारतीय राष्ट्रीयों के लिए आवश्यक) (आवेदक के ब्यौरे आयकर पैन के अनुसार हों)

5. और निम्नलिखित में से कोई एक
क. मतदाता पहचान पत्र संख्या
ख. पासपोर्ट संख्या
ग. ड्राइविंग अनुज्ञप्ति संख्या
घ. यूआईडी

6. स्थायी निवास का पता:

(क) पता पंक्ति I
पंक्ति II
(ख) शहर
(ग) राज्य
(घ) देश
(ङ) पिन कोड
(च) दूरभाष
(छ) फैक्स
(ज) ई-मेल पता

7. क्या वर्तमान निवास का पता और स्थायी निवास का पता समान हैं:

O हां
O नहीं।

8. वर्तमान निवास पता: (पूर्व निवास पता, यदि वर्तमान निवास पते पर एक साल से अधिक समय से नहीं रह रहे हैं)

(क) पता पंक्ति I
पंक्ति II
(ख) शहर
(ग) राज्य

IndiaCode

(घ) देश
(ङ) पिन कोड
(च) दूरभाष
(छ) फैक्स
(ज) ई-मेल पता

9. अन्य सूचना, यदि कोई हो, जो आवेदक इस आवेदन के साथ प्रस्तुत करना चाहता है:

10. क्या आवेदक द्वारा आवेदन डिजीटल रूप से हस्ताक्षरित है:

O हां

O नहीं।

एतदद्वारा मैं यह भी घोषणा करता हूं
(क) इस प्ररूप में दी गई सूचना और अन्य विशिष्टियां सत्य व सही हैं।
(ख) मैं कभी किसी कंपनी में निदेशक नियुक्त नहीं किया गया हूं और डीआईएन का प्रयोग किसी प्राधिकारी के समक्ष दस्तावेज़ दाखिल करने में नहीं किया गया है।

आवेदक के हस्ताक्षर:

दिनांक:
स्थान:

अनिवार्य संलग्नक:
(1) पहचान का सबूत:
भारतीय राष्ट्रीयों के लिए:
(निम्नलिखित में से कोई एक):

O आयकर स्थायी खाता संख्या कार्ड

O मतदाता पहचान पत्र

O पासपोर्ट

O ड्राइविंग लाइसेंस

O आधार पहचान संख्या (यूआईएन)

विदेशी राष्ट्रीयों और अप्रवासी भारतीयों के लिए:

O पासपोर्ट

O अन्य

(2) निवास का प्रमाण: (संलग्न किए जा रहे दस्तावेज के सामने निशान लगाए)

O मतदाता पहचान -पत्र

O पासपोर्ट

O ड्राइविंग लाइसेंस

O बिजली का बिल

O दूरभाष का बिल

O बैंक खाते का विवरण

O अन्य – कृपया उल्लेख करें

(3) वैकल्पिक संलग्न, यदि कोई हो

नोट: धारा 448 और धारा 449 के उपबंधों की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जो झूठे विवरण और प्रमाण-पत्र के लिए दंड का उपबंध करता है।

IndiaCode

प्रपत्र डीआईआर-6 [कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियम, 2014 के नियम 12 के अनुसरण में]	सत्यमेव जयते	केंद्रीय सरकार को हित जाने वाले निदेशक के विवरणों में परिवर्तन की सूचना

निदेशी-

*के रूप में अंकित क्षेत्रों को अनिवार्यतः भरना है।

भारतीय होने की स्थिति में, आयकर स्थायी खाता नाम (आयकर पैन) अनिवार्य है, भले ही आयकर पैन में कोई परिवर्तन न हो। ऐसी स्थिति में निदेशक के ब्यौरे आयकर पैन के अनुसार होने चाहिए। आयकर पैन के अनुसार ब्यौरे न होने पर निदेशक/ संबंधित भागीदार को सलाह दी जाती है कि सर्वप्रथम आयकर पैन में ब्यौरों को सही करें। ब्यौरों के लिए निर्देश किट देखें।

1. (क) निदेशक पहचान संख्या (डिन).....(पूर्व पूरित)
(ख) नाम.....

2 परिवर्तन का प्रकार

*निदेशक	* पिता का नाम	*राष्ट्रीयता
*जन्म	*तिथि लिंग	*आयकर पैन
*मतदाता पहचान पत्र संख्या	*पासपोर्ट संख्या	*ड्राइविंग लाइसेंस संख्या
*ई-मेल आईडी/मोबाईल	*स्थायी आवासीय पता	*वर्तमान आवासीय पता
*निदेशक का फोटोग्राफ	*आवासीय स्थिति	

*आधार संख्या * प्रपत्र सं .डीआईआर-4 के अनुसार सत्यापन * प्रपत्र सं .डीआईआर-7 के अनुसार सत्यापन

सही सूचना भरें। केवल संगत क्षेत्र (क्षेत्रों) को भरें

3 निदेशक का नाम (पूरा नाम भरें तथा संक्षिप्तियों का प्रयोग न करें)

(क) प्रथम नाम.....
(ख) उपनाम.....
(ग) मध्य नाम.....

फोटोग्राफ

